प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

06.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के सुदृढ़ीकरण पर बल दे रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने इस दिशा में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सम्पूर्ण प्रतिक्रिया प्रबंधन को अतिरिक्त महानिदेशक होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा के अधीन किया जाएगा। इससे किसी भी आपातकालीन और आपदा की स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बादल फटने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती पुनरावृत्ति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार एसडीआरएफ को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जानमाल की भारी क्षति होती है और इससे लोगों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण पर्यटन क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और स्थानीय लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने, भूकम्परोधी अधोसंरचना निर्मित करने और लोगों को जागरूक करने की दिशा में भी अनेक कदम उठाए गए हैं।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और कांग्रेस की गारंटियों की वजह से देशभर में हुई किरकिरी से कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बैकफुट पर आ गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने किसानों को गोबर खरीदने की गारंटी दी थी लेकिन अब गोबर खरीद पर खानापूर्ति करना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक ओर केन्द्र सरकार देश में जीरो बजट खेती के लिए योजनाएं ला रही हैं वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार किसानों से बना बनाया कम्पोस्ट सस्ते दामों पर खरीदना चाहती है।

चन्द्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों का समान विकास व समाज के सभी वर्गों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत जनसमस्याएं सुनीं और अधिकतर का मौके पर ही निपटारा किया। चन्द्र कुमार ने कहा कि कोटला क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है और जांगल उठाऊ सिंचाई योजना के लिए 4 करोड़ 23 लाख जबकि देहर खड्ड के तटीकरण कार्य

के लिए 5 करोड़ 74 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

मस्जिद मामला

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद की तीन मंजिलों को गिराने के नगर निगम कोर्ट के आदेशों को मुस्लिम संगठनों ने जिला अतिरिक्त सत्र अदालत शिमला में चुनौती दी है और मस्जिद को गिराने के आदेशों पर स्टे मांगा है। मुस्लिम संगठनों की तरफ से दायर याचिका पर आज अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश प्रवीण गर्ग की अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को तय की है। मुस्लिम संगठनों की तरफ से याचिकाकर्ता नजाकत अली हाशमी के अधिवक्ता विश्व भूषण ने कहा कि संजौली मस्जिद मामले में एक मस्जिद कमेटी ने नगर निगम आयुक्त को मस्जिद गिराने के लिए लिखित में ज्ञापन दिया है जिस आधार पर नगर निगम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि जिस मस्जिद कमेटी ने यह ज्ञापन दिया है वह अवैध है, ऐसे में मस्जिद गिराने के लिए दिया गया ज्ञापन भी गैर कानूनी है। वक्फ बोर्ड की जमीन पर मस्जिद बनी है और इसमें मुस्लिम संगठनों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं इसलिए मामले में कोर्ट से स्टे मांगा गया है। वहीं मामले में संजौली के स्थानीय लोगों की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता जगत पाल ने कहा कि नजाकत अली हाशमी की याचिका का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि न तो याचिकाकर्ता स्थानीय निवासी है और न ही इस मस्जिद का कोई हितधारक है।

आयुष्मान भारत

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा गरीब लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा के लिए शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना का सोलन जिला में साकारात्मक असर दिखा रहा है। प्रधानमंत्री जनआरोगय आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में 79 हजार 7 सौ 34 कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिले में अभी तक 22 हजार 2 सौ 47 मरीज इस योजना का लाभ उठा चुके है। इस योजना पर जिले में 2 करोड़ 40 लाख 49 हजार 9 सौ 82 रुपये खर्च किये जा चुके है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित रंजन तलवार ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक का निशुल्क इलाज कार्ड धारको को मिलता है।